## टीवी मसाला



# ‘गुम है किसी के प्यार में’ शो में हुई एक्ट्रेस रेखा की एंट्री...


**नई दिल्ली।** ‘गुम है किसी के प्यार में’ एक नए रोमांचक मोड़ पर पहुंच गया है, जहां इमोशनल ड्रामा, जबरदस्त ट्विस्ट और इमोशन देखने को मिल रहे हैं। हाल ही में रिलीज़ हुए प्रोमो से फैंस की एक्साइटेमेंट बढ़ गई है। इसकी खासियत लीजेंडरी एक्ट्रेस रेखा हैं। रेखा की भावनाओं से भरी आवाज़ इस कहानी को और भी खास बना देती है, जो तेजस्विनी के जज़्बातों के उतार-चढ़ाव को बखूबी दर्शाती है। नील के साथ बेमेल शादी की उलझन और अपने पहले प्यार रूतुराज की वापसी के बीच फंसी तेजस्विनी की कहानी दर्शकों को गहराई तक छू जाएगी। रेखा की आवाज़ इस सफर को और भी भावुक और यादगार बना रही है, जो शो को एक अलग ही लेवल पर ले जाती है।

***भावनाओं से भरी है रेखा की आवाज :*** शो में नई कास्ट की एंट्री हुई है, जिसमें वैभवी हंकारे (तेजस्विनी), सनम जौहर (रूतुराज) और परम सिंह (नील) शामिल हैं। ये सभी अपने दमदार अभिनय से इस कहानी में नए रंग भर रहे हैं। रेखा की बेमिसाल ग्रेस और उनकी भावनाओं से भरी आवाज़ ने प्रोमो को और भी खास बना दिया है, जिससे कहानी को एक अलग ही गहराई मिल रही है। तेजस्विनी के खुद को खोजने, प्यार और त्याग के सफर को उनकी मौजूदगी ने और भी दिलचस्प बना दिया है।

***यह सीरियल हमेशा दिल के करीब रहा :*** लीजेंडरी एक्ट्रेस रेखा ने अपने इमोशनल कनेक्शन को जाहिर करते हुए कहा, “गुम है किसी के प्यार में” हमेशा से मेरे दिल के करीब रहा है। जैसे-जैसे इसका नया सीजन सामने आ रहा है, मैं एक ऐसी कहानी का इंतज़ार कर रही हूं जो इंसानी जज़्बातों, प्यार, कर्तव्य, परिवार और जूनून जैसे पहलुओं को गहराई से टटोलती है।

## ‘शिव शक्ति तप त्याग तांडव’ में नजर आएगी घुमारवीं की बेटी

**मुंबई।** मायानगरी मुंबई में हिमाचल प्रदेश के घुमारवीं की रिया शर्मा धूम मचा रही है। कलर चैनल पर लोकप्रिय धारावाहिक महाकाव्य पौराणिक गाथा शिव शक्ति-तप त्याग तांडव में कन्या कुमारी की महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। छोटे पर्दे पर यह धारावाहिक कलर चैनल पर सोमवार से रविवार रात आठ बजे प्रसारित होता है। इससे पहले भी रिया ने स्टार प्लस चैनल में हिट सीरियल तेरी मेरी डोरियां में मन्नत के किरदार से दर्शकों का दिल जीत चुकी है। रिया के पिता व्यवसायी अनिल शर्मा और माता सुनीता शर्मा गृहिणी और समाजसेविका हैं।



### यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर 40 करोड़ से ज्यादा कमाई की थी

# ऋषि कपूर ने ठुकरा दी थी ‘हम तुम’, कहा- बकवास, 7 तो सीन दिए तूने मुझे

*मुंबई। दिवंगत अभिनेता ऋषि कपूर ने अपने करियर में कई यादगार फिल्में की हैं। ‘हम तुम’ भी उन्हीं में से एक है, जिसे न सिर्फ दर्शकों, बल्कि समीक्षकों से भी खूब प्यार मिला। सैफ अली खान और रानी मुखर्जी के साथ-साथ ऋषि की भी फिल्म में तारीफ हुई थी, लेकिन क्या आप जानते हैं कि ऋषि ने इस फिल्म में काम करने से साफ इनकार कर दिया था। हाल ही में फिल्म के निर्देशक कुणाल कोहली ने यह खुलासा किया। फिल्म ने 5 फिल्मफेयर पुरस्कार अपने नाम किए थे। 28 मई, 2004 में यह फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी।*



### बिना सुने ऋषि ने कर दिया था इनकार

कुणाल ने बताया, “जब मैंने ऋषि कपूर को फिल्म में उनकी भूमिका बताई तो उन्होंने कहा, मैं यह नहीं कर रहा हूं। जब मैंने पूछा क्यों तो उन्होंने कहा, मेहमान भूमिका है ये। मुझे नहीं करनी।, क्या है? बकवास है। 7 तो सीन दिए तूने मेरे को, मुझे नहीं करना। इसके बाद मैंने उनसे कहा कि एक बार आप सीन सुन तो लीजिए, जिसके बाद अभिनेता सहमत हो गए। फिर जब उन्होंने अपने सीन सुने तो वह बहुत प्रभावित हुए।

### फिर कैसे राजी हुए अभिनेता?

कुणाल ने आगे कहा, ऋषि को अपना हर सीन बहुत अच्छा लगा और वो कहने लगे कि मुझे और दृश्य दे दो। मुझसे कैमियो क्यों करवा रहे हो। मेरे सीन बढ़ा दो। मैंने कहा डालने को मैं आपके 10 दृश्य डाल सकता हूं, लेकिन फिर वो उतने प्रभावी नहीं रह जाएंगे। यह सुनकर ऋषि ने कहा कि चलो हां, ठीक है करते हैं। बता दें कि ‘हम तुम’ में ऋषि ने सैफ के पिता का किरदार निभाया था।

### ‘हम तुम’ के बारे में

फिल्म ‘हम तुम’ में सैफ का काम इतना अच्छा था कि इसके लिए उन्हें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार तक मिला था। इसमें सैफ ने करण कपूर नाम के एक कार्टूनिस्ट का किरदार निभाया था। फिल्म में रानी मुखर्जी के साथ उनकी केमिस्ट्री की भी खूब तारीफ हुई थी। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 40 करोड़ से ज्यादा कमाई की थी।

### फिल्म ने बदली थी सैफ के करियर की दिशा और दशा



कुणाल कहते हैं, हम तुम यशराज फिल्म्स के लिए एक बड़ा दांव था, क्योंकि इससे पहले उनकी निर्देशित एकमात्र फिल्म ‘मुझसे दोस्ती करोगे’ नहीं चली थी। ‘हम तुम’ सैफ के लिए भी मील का पत्थर साबित हुई थी, क्योंकि इससे पहले उन्होंने कभी अकेले कोई हिट फिल्म नहीं दी थी। फिल्म बनाने के लिए यश चोपड़ा ने मुझे और आदित्य चोपड़ा को 7.5 करोड़ रुपये दिए थे और कहा था कि इसमें बनानी है तो बनाओ, नहीं तो मत बनाओ।

# दिलजीत दोसांझ के जीवन पर डॉक्यूमेंट्री ओटीटी प्लेटफॉर्म पर दिखेगी...

**नई दिल्ली।** दिलजीत दोसांझ आज दुनियाभर में मशहूर हैं और उनकी आवाज से लेकर अभिनय तक की दीवानगी लोगों के सिर चढ़कर बोलती है। कोई शक नहीं कि जीवन में इतना बड़ा मुकाम हासिल करने के लिए दिलजीत ने दिन-रात मेहनत की है। वह कइयों की प्रेरणा हैं। अब खबर है कि दिलजीत के जीवन पर डॉक्यूमेंट्री बनने वाली है। एक चर्चित ओटीटी प्लेटफॉर्म पर उनकी यह डॉक्यूमेंट्री सीरीज आने वाली है।



***ओटीटी प्लेटफॉर्म हुलू से बातचीत जारी :*** दिलजीत ने न केवल भारतीय, बल्कि विदेशी दर्शकों का भी दिल जीता है। खासकर धमाकेदार दिल-लुमिनाटी टूर के बाद उनकी लोकप्रियता में जबरदस्त इजाफा हुआ है। खबर है कि उनके जीवन पर एक डॉक्यूमेंट्री के लिए अमेरिकी स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म हुलू से उनकी बातचीत चल रही है। इस सीरीज के जरिए लोगों को दिलजीत को करीब से जानने का मौका मिलेगा। इस कड़ी में उनके शुरुआती संघर्ष से लेकर दुनियाभर में उनके स्टारडम की कहानी हम सभी के सामने होगी।

दुनियाभर के लोगों को प्रेरित करेगी सीरीज ओटीटी प्लेटफॉर्म को पूरा भरोसा है कि दिलजीत की कहानी दुनियाभर के दर्शकों को प्रेरित करेगी,क्योंकि उन्होंने पंजाबी संगीत इंडस्ट्री को वैश्विक पहचान दिलाई है। यह डॉक्यूमेंट्री दिलजीत के शुरुआती संघर्षों को भी दिखाएगी। इसके जरिए यह भी दिखाया जाएगा कि किस तरह गायक और उनके पंजाबी संगीत ने वैश्विक स्तर पर क्या प्रभाव डाला है। सीरीज की शूटिंग इसी साल होगी। हालांकि, अभी दिलजीत या स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म की तरफ से इस खबर की पुष्टि नहीं हुई है।

### पहले कीर्तन में गाया करते थे दिलजीत

*दिलजीत का असली नाम दलजीत था। वह बेहद साधारण परिवार से हैं। पिता रोडवेज में ड्राइवर थे तो मां गृहिणी। गरीबी में बचपन बिताने वाले दिलजीत को बचपन से ही गाना गाने का बहुत शौक था। वह गुरूद्वारे में कीर्तन गाकर अपने घर का गुजारा करते थे। साल 2004 में दलजीत ने अपना पहला एल्बम ‘इश्क दा उड़ा अड्डा’ रिलीज किया था। इस दौरान उन्होंने अपना नाम दलजीत से दिलजीत कर लिया और बस फिर कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा।*

### पहली ही फिल्म से छा गए दिलजीत

*बतौड लीड हीरो दिलजीत की पहली फिल्म थी ‘द लॉयन ऑफ पंजाब’। इसका गाना ‘लक 28 कुड़ी दा’ जबरदस्त हिट हुआ और पहली बार बीबीसी के एशियन डाउनलोड चैट में गैर बॉलीवुड गायक का गाना टॉप पर पहुंचा। इससे दिलजीत की लोकप्रियता में जबरदस्त इजाफा हुआ।शाहिद कपूर अभिनीत ‘उड़ता पंजाब’ से दिलजीत बॉलीवुड में आए और पहली ही फिल्म से वह हिंदी सिनेमा में भी छा गए। जल्द ही वह सनी देओल के साथ ‘बॉर्डर 2’ में नजर आएंगे।*

### ‘देवा’ का नया गाना ‘बस तेरा प्यार में विशाल ने लगाए सुर...

**मुंबई।** शाहिद कपूर और पूजा हेगड़े की फिल्म ‘देवा’ को सिनेमाघरों में रिलीज हुए एक सप्ताह पूरा हो गया है। इस फिल्म से निर्माताओं को काफी उम्मीदें थी, लेकिन पहले दिन से ही बॉक्स ऑफिस पर इसका हाल बेहाल है। अब इस बीच निर्माताओं ने ‘देवा’ का नया गाना ‘बस तेरा प्यार है’ जारी कर दिया है, जिसे विशाल मिश्रा ने अपनी आवाज दी है। इस गाने में शाहिद और पूजा की खूबसूरत केमिस्ट्री दिख रही है।

### नागा और साई की ‘थंडेल’ ओटीटी पर

**मुंबई।** अभिनेता नागा चैतन्य पिछले काफी समय से फिल्म ‘थंडेल’ को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। उनकी यह फिल्म आखिरकार 7 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। इस फिल्म में नागा की जोड़ीदार साई पल्लवी हैं। इस फिल्म को समीक्षकों के साथ-साथ दर्शकों की मिली-जुली प्रतिक्रिया मिल रही है। अब ‘थंडेल’ की ओटीटी रिलीज से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी सामने आ रही है। सिनेमाघरों में कमाई करने के बाद ‘थंडेल’ ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी।











